दिनांक 03.10.2023 को सम्पन्न साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक (VC) से संबंधित कार्यवाही :–

**PMGSY**

1. PMGSY-III की योजनाओं की स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराये गये 560 पथों की सूची (Google spreadsheet) में Exclusion के कारणों की प्रविष्टि कर दी गयी है। सभी कार्य प्रमंडलों से इस प्रतिवेदन की हस्ताक्षरित प्रति BRRDA को 03 दिनों के अन्दर उपलब्ध करायें जाने का निदेश दिया गया ताकि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के समक्ष समर्पित परियोजनाओं की स्वीकृति प्राप्त की जा सके।

2. सभी कार्य प्रमंडलों को सूचित किया गया कि OMMAS पर PMGSY-III की सभी freezed योजनाओं को unfreeze कर दिया गया है। तदनुसार योजनाओं में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की प्रविष्टि के साथ–साथ भुगतान की कार्रवाई की जा सकती है, जिन 18 पथों को OMMAS पर न तो पूर्ण किया गया है न ही इनमें VTS Install कराया गया है के संदर्भ में संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि अगली VC को पूर्व इन योजनाओं को भौतिक एवं वित्तीय रूप से पूर्ण कर लिया जाय अथवा इनमें Key Equipment पर VTS Install कराया जाए।

3. सभी कार्य प्रमंडलों को निदेषित किया गया कि Google spreadsheet पर उपलब्ध कराये गये PMGSY-I के पथों को Geo Sadak Portal पर draw आवष्यक Latitude Longitude की विवरणी Google spreadsheet में शीघ्र प्रविष्ट किया जाना सुनिष्चित किया जाए।

4. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2023 में कार्यालय स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कार्यालयों की साफ–सफाई के साथ–साथ लम्बित कार्यों का निष्पादन शीघ्र किये जाने का निदेश है। इसके लिये पत्र के माध्यम से आवष्यक दिशा–निर्देश सभी कार्य प्रमंडलों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

निदेशित किया गया कि कार्यालयों की साफ–सफाई के साथ–साथ CPGRAM के लम्बित उत्तरों/जन प्रतिनिधियों के लम्बित मामलें आदि का शीघ्र disposal कराया जाना सुनिचित किया जाए।

5. सभी कार्य प्रमंडलों को सूचित किया गया कि eMARG पर Performance Evaluation के क्रम में दिये गये अंकों को PIU द्वारा अनुमोदन के क्रम में Artificial Intelligence आधारित Allert की सुविधा दी गयी है, जिसके आधार पर पथ की वास्तविक स्थिति के Photograph एवं दिये गये अंकों में यदि अंतर पाया जाता है तो कार्यपालक अभियंता को अनुमोदन करते समय Allert प्राप्त होगा। इसके पश्चात अनुमोदन के क्रम में आवश्यक कारणों की प्रविष्टि अनिवार्य होगी।

6. **BHUVAN Portal के संबंध में** :–

BHUVAN Portal पर प्रमण्डलों द्वारा किये जा रहे त्रुटियों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रमण्डलों की प्रगति असंतोषजनक है। इस कार्य में सबसे धीमी प्रगति वाले 10 कार्य प्रमण्डल, समस्तीपुर (37.62%), औरंगाबाद (37.48%), महराजगंज (33.57%), वायसी (32.88%), बक्सर (31.14%) पूर्णिया (30.77%), दाउदनगर (29.16%), छपरा–2 (28.69%), शिवहर

(28.44%) एवं पटना (26.32%) हैं, जिनका दर्शाया गया प्रतिशत कार्य upload किया जाना लम्बित है।

**निर्देशः**— बैठक में सभी कार्य प्रमण्डलों को निदेषित किया गया कि इस कार्य को हर हाल में 09 अक्टूबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाये अन्यथा प्रमण्डलों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

**7. eMARG के संबंध में :–**

PMGSY योजनान्तर्गत पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षणाधीन पथों में वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये तैयार Vouchers के विरूद्ध भुगतान की प्रगति अच्छी नहीं पायी गयी। कुल तैयार Vouchers के विरूद्ध लम्बित रखने वाले शीर्ष 10 defaulter कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद (172 में 166), गया (129 में 127), भभुआ (123 में 123), शेरघाटी (121 में 121), नवादा (112 में 96), झाझा (94 में 94), दाउदनगर (90 में 85), टिकारी (115 में 78), मोतिहारी (82 में 74) एवं सिवान–1 (63 में 59) हैं।

माह सितम्बर 2023 में Routine Inspections में गिरावट दर्ज की गयी है जो निर्धारित लक्ष्य का 88.30% है।

**निर्देशः**—सभी कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 5—वर्षीय रूटीन अनुरक्षण कार्य का ससमय नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा माह अक्टूबर 2023 में शत–प्रतिशत Routine Inspections किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8. भौतिक रूप से पूर्ण कार्यों के अंतिम विपत्र का निष्पादनः-**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भौतिक रूप से पूर्ण 259 कार्यों को वित्तीय रूप से पूर्ण किया जाना लम्बित है।

**निर्देशः**— सभी संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 09 अक्टूबर 2023 तक लम्बित अंतिम विपत्रों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**FDR**

बाढ़ से क्षतिग्रस्त पथों का 3 stage में Drone Videography किया जाना है, परन्तु Stage-2 एवं Stage-3 के Uploading की धीमी प्रगति पर अभियंता प्रमुख द्वारा चिंता व्यक्त की गयी। Stage-I में 320 पथों का Videography Upload किया गया है जबकि Stage-III में मात्र 136 पथ अपलोड़ किया गया है, पृच्छा किये जाने पर कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, वायसी द्वारा बताया गया कि हाल के दिनों में भारी वृष्टि के कारण कुछ पथों में पुनः बाढ़ की स्थिति हो गयी है। पानी उतरते ही Stage-II Video शीध्रता से अपलोड़ कर दिया जायेगा।

इस संबंध में अभियंता प्रमुख द्वारा निर्देश दिया गया कि 30 अक्टूबर तक अचूक रूप से सभी क्षतिग्रस्त पथों का Drone Videography Upload कर दें, क्योंकि इसके बाद Upload की सुविधा बंद की दी जायेगी। छुटे पथों के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता जिम्मेवार माने जायेंगे।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**NABARD**

NABARD योजना अन्तर्गत आमंत्रित निविदा NIT No. 1,2,3 एवं 4 के अधीन प्राप्त निविदाओं के तकनीकी बीड की समीक्षा की गई एवं जिन–जिन कार्य प्रमंडल से तकनीकी बीड नहीं प्राप्त हुआ है। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराया जाय।

NABARD योजना अन्तर्गत 97 Ongoing पथ निर्माण की समीक्षा की गई वं संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया कि सभी Ongoing पथों का निर्माण अविलंब पूर्ण किया जाय एवं ससमय पूर्ण न करने वाले संवेदक पर उचित कार्रवाई किया जाय।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता / अधीक्षण अभियंता)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5205 / दिनांक 06/10/2023

प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियंता, सभी कार्य अंचल / कार्यपालक अभियंता, सभी कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5205 / दिनांक 06/10/2023

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक– 5205 / दिनांक 06/10/2023

प्रतिलिपि :– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेव साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख